Important Questions Class 8 Hindi Chapter 4 युगों का दौर

प्रश्न 1. मौर्य साम्राज्य के अवसान पर उसकी जगह किसने ली?

उत्तर: मौर्य साम्राज्य के अवसान पर उसकी जगह शुंग वंश ने ली।

प्रश्न 2. मेनांडर किस नाम से प्रसिद्ध हुआ?

उत्तर: मेनांडर राजा मिलिंद के नाम से प्रसिद्ध हुआ।

प्रश्न 3. साँची के निकट कौन-सी लाट थी?

उत्तर: साँची के निकट बेसनगर में ग्रेनाइट पत्थर की एक लाट है जो हेलिओदो स्तंभ के नाम से प्रसिद्ध है। इस पर संस्कृत का एक लेख खुदा था।

प्रश्न 4. कुषाणों ने क्या काम किया?

उत्तर: कुषाणों ने शकों. को पराजित करके दक्षिण की ओर खदेड़ दिया। कुषाणों ने पूरे उत्तर भारत पर और मध्य एशिया के बहुत बड़े भाग पर अपना मजबूत साम्राज्य कायम कर लिया।

प्रश्न 5. कुषाण काल में बौद्ध धर्म की क्या स्थिति थी?

उत्तर: कुषाण काल में बौद्ध धर्म दो संप्रदायों में बँट गया था-महायान और हीनयान। दोनों में मतभेद उठ खड़े हए। समस्याओं पर विवाद आयोजित किए जाते थे। महायान के सिद्धांतों का प्रचार चीन में हुआ तथा श्रीलंका और बर्मा के लोग हीनयान को मानते रहे। कुषाणों ने अपना भारतीयकरण कर लिया था।

प्रश्न 6. गुप्त वंश का शासन कब से कब तक रहा?

उत्तर: चौथी शताब्दी के आरंभ से लेकर 150 वर्षों तक गुप्त वंश ने उत्तर में एक बड़े एवं शक्तिशाली राज्य पर शासन किया। इसके बाद 150 वर्ष तक उनके उत्तराधिकारी अपने बचाव में लगे रहे और साम्राज्य सिकुड़कर छोटा होता चला गया।

प्रश्न 7. हूणों को किसने पराजित किया?

उत्तर: हूणों को कन्नौज के राजा हर्षवर्धन ने पराजित किया। हर्ष ने उत्तर से मध्य भारत तक एक शक्तिशाली राज्य की स्थापना की। हर्षवर्धन कवि और नाटककार थे। उसने अपनी राजधानी उज्जयिनी को सांस्कृतिक गतिविधियों का केंद्र बनाया।

प्रश्न 8. भारत में जिस सभ्यता का निर्माण किया गया, उसका मूल आधार क्या था?

उत्तर: भारत में जिस सभ्यता का निर्माण किया गया, उसका मूल आधार स्थिरता और सुरक्षा की भावना थी।

प्रश्न 9. भारतीय रंगमंच की क्या विशेषता थी?

उत्तर: भारतीय रंगमंच अपने विचारों में विकास में पूरी तरह स्वतंत्र था। ऋग्वेद की ऋचाओं में रंगमंच का उद्गम खोजा जा सकता है।

प्रश्न 10. संस्कृत नाटकों का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

उत्तर: भास ने 13 नाटक लिखे।

- अश्वघोष का प्राचीनतम नाटक है।
- कालिदास ने 'अभिज्ञान शाकुंतलम्' नाटक लिखा।
- शूद्रक ने 'मृच्छकटिक' नाटक लिखा।
- विशाखदत्त का 'मुद्राराक्षस' नाटक प्रसिद्ध है।

प्रश्न 11. संस्कृत भाषा के बारे में क्या कहा गया है?

उत्तर: संस्कृत भाषा एक समृद्ध और अलंकृत भाषा है। इसके व्याकरण का ढाँचा पाणिनि ने तैयार किया। संस्कृत आधुनिक भारतीय भाषाओं की जननी है।

प्रश्न 12. प्राचीन भारत में कौन-सा उद्योग बहुत विकसित था?

उत्तर: प्राचीन भारत में जहाज बनाने का उद्योग बहुत विकसित था। उस समय बनाए गए जहाजों का वर्णन ब्यौरेवार मिलता है। भारतीय बंदरगाहों का भी उल्लेख मिलता है।

प्रश्न 13. भारतीय कला का प्रभाव विदेशों में किस प्रकार दिखाई देता है?

उत्तर: जावा और बाली के मशहूर नृत्य भारत से लिए गए हैं। कंबोडिया में वर्णमाला दक्षिण भारत से ली गई है। भारतीय वास्तुकला का प्रभाव अंगकोर और बोरोबुदूर की इमारतों में दिखाई पड़ता है। भारतीय संगीत ने चीन और सुदूर-पूर्व के अलावा एशियाई संगीत को प्रभावित किया। मथुरा के संग्रहालय में बोधिसत्व की विशाल मूर्तियाँ हैं।

प्रश्न 14. अजंता-एलोरा की गुफाओं के बारे में बताइए।

उत्तर: गुप्तकाल के दौरान अजंता की गुफाएँ खोदी गईं। उनमें भित्तिचित्र भी बनाए गए। इन चित्रों को बौद्ध भिक्षुओं ने बनाया था। इनमें स्त्रियों के विभिन्न रूपों को दर्शाया गया था। 7वीं-8वीं शताब्दी में ठोस चट्टान को काटकर एलोरा की विशाल गुफाएँ तैयार हुई हैं। एलिफेंटा की गुफाओं में नटराज शिव की एक खंडित मूर्ति नृत्य मुद्रा में है।

प्रश्न 15. भारत के विदेशी व्यापार के बारे में बताइए।

उत्तर: भारत का व्यापार दूर-दूर तक फैला था। भारत का कपड़ा उद्योग बहुत विकसित था। यहाँ रेशमी कपड़ा भी बनता था। आरंभिक शताब्दियों में भारत में रसायन शास्त्र का विकास अन्य देशों की तुलना में अधिक हुआ। दूसरे देशों में भारत के फौलाद और लोहे की बहुत कद्र थी।

प्रश्न 16. प्राचीन भारत में गणित शास्त्र की क्या स्थिति थी?

https://www.evidyarthi.in/

उत्तर: आधुनिक अंकगणित और बीजगणित की नींव भारत में पड़ी। भारत में ज्यामिति का भी विकास हुआ। शून्य की विधि भी निकाली गई।

गणित में भास्कर महत्त्वपूर्ण थे। इनका 'लीलावती' ग्रंथ प्रसिद्ध है। ब्रह्मपुत्र ने शून्य पर लागू होने वाले नियम निश्चित किए।

https://www.evidyarthi.in/